# कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।

(Email id- rtamuztirhut.bih@bihar.gov.in)

## आदेश

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–4262 दिनांक–03.12.2024 द्वारा आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में स्टेज कैरेज परमिट निर्गत करने हेतु प्राधिकार का माह जुलाई–2025 की बैठक दिनांक–31.07.2025 को निर्धारित की गयी थी, जिसे अपरिहार्य कारण वश स्थगित किया गया था। निदेशानुसार सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि उक्त बैठक दिनांक–06.08.2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे से आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आहूत की जाएगी।

उक्त प्रस्ताव पर आयुक्त–सह–अध्यक्ष, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर का अनुमोदन प्राप्त है।

01.08.25

संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
मुजफ्फरपुर।

ज्ञापांकः–RTA / 425 / परि0, मुजफ्फरपुर, दिनांक– 01-08-2025

प्रतिलिपिः– राज्य परिवहन आयुक्त, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ।

प्रतिलिपिः– वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ। अनुरोध है कि उक्त अवसर पर एक सेक्शन पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति आयुक्त कार्यालय में करने की कृपा की जाए।

प्रतिलिपिः– अपर समाहर्त्ता, राजस्व, मुजफ्फरपुर (सदस्य–क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर) को सूचनार्थ एवं निर्धारित तिथि को ससमय बैठक में भाग लेने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अनुमंडल दण्डाधिकारी, पूर्वी मुजफ्फरपुर को उक्त अवसर पर एक दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति आयुक्त कार्यालय में करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– जिला परिवहन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर / सीतामढ़ी / वैशाली / शिवहर / पूर्वी चम्पारण / पं0 चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– क्षेत्रीय प्रबंधक, बी०एस०आर०टी०सी०, मुजफ्फरपुर, सभी वाहन स्वामियों एवं ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों के प्रतिनिधियों को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– नाजीर, आई0 टी0 सहायक, आयुक्त कार्यालय, तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर को आवश्यक व्यवस्था करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

01.08.25

संयुक्त आयुक्त–सह–सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
मुजफ्फरपुर।